## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सीएस ने दिए परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश

**निर्देश**

## विभिन्न विभागों के स्तर पर संचालित परियोजनाओं की समीक्षा

**सवांददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने वाह्य सहायतित परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि पूर्व निर्धारित परियोजनाओं का यथासमय पूर्ण होने पर अन्य योजनाओं को मंजूरी मिलने में मदद मिलेगी। उन्होंने परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाईयों का निराकरण भी समयबद्वता के साथ किये जाने के निर्देश दिये हैं।

शुक्रवार को मुख्य सचिव सभागार में वाह्य सहायतित परियोजनाओं के तहत विभिन्न विभागों के स्तर पर संचालित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग संचालनाधीन, परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देकर उन्हें पूर्ण करने का प्रयास करें। उन्होंने विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना, बांध पुनर्वास, एकीकृत आजीविका



सुधार, वन प्रबंधन एवं पर्यटन के लिये अवस्थापना विकास एवं निवेश कार्यक्रम के क्षेत्र में किये गये कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए अन्य विभागों को उनके द्वारा संचालित की जा रही परियोजनाओं को पूर्ण करने में तेजी लाने को कहा।

बैठक में बताया गया कि वाह्य सहायतित परियोजना के तहत 6818.68 करोड़ की विभिन्न विभागों द्वारा 10 परियोजनाएं संचालित की जा रही है। वन, आजीविका मिशन, जलागम विकास, आपदा प्रबंधन, ऊर्जा, पेयजल, वित्त, पर्यटन, कौशल विकास एवं चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कुल 2257.30 करोड़ लक्ष्य की प्रतिपूर्ति किये जाने के सापेक्ष 1724.92 करोड़ की प्रतिपूर्ति गत वर्ष के अंत तक हो सकी है।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि उद्यान, पेयजल, नगर विकास, एम.एस.एम.ई, सिंचाई, पर्यटन एवं लोक निर्माण विभाग से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं के लिये 12906 करोड़ के प्रस्तावों को वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के स्तर पर संस्तुति प्रदान की गई हैं जिसके लिए फण्डिंग एजेंसी की स्वीकृति प्रक्रिया गतिमान है।

मुख्य सचिव ने कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में शीघ्रता लाये जाने के साथ ही प्रगति के अनुरूप धनराशि की प्रतिपूर्ति के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये भी समेकित प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा किये जाने के भी निर्देश दिए हैं।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा पंवार, प्रमुख सचिव आनन्द वर्द्धन, सचिव वित्त अमित नेगी, सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर, सचिव श्रीमती सौजन्या, रणजीत सिन्हा, एस.ए. मुरूगेशन, अपर सचिव नियोजन मेजर योगेन्द्र यादव, अपर सचिव सुश्री सोनिका, अमिता जोशी, उदय राज सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### नये प्राचार्य का हुआ स्वागत

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के महाविधालय के प्रध्यापको ने नये प्राचार्य डां चंन्द्र दत्त सूठा को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। जानकारी के मुताबिक महाविधालय में लंबे समय से प्राचार्य का पद खाली चल रहा था। नवांगतुक प्राचार्य द्वारा शारिरिक दूरी का पालन करने के साथ महाविधालय के प्राध्यापकों के साथ बैठक की गई। बैठक में महाविधालय की तमाम समस्याओं को प्रध्यापकों द्वारा प्राचार्य के समक्ष रखा गया। इस दौरान महाविधालय के तमाम प्रध्यापक मौजूद रहे।

### जिले को मिले तीन वेंटिलेटर

**संवाददाता** पिथौरागढ़। कोरोनाके गंभीर रोगियों के उपचार में बेहद महत्वपूर्ण वेंटिलेटरों की संख्या जिले में बढादी गई है। वही देर सांय जिले में तीन नए वेंटिलेटर पहुच गये है। वही अब जिले में वेंटिलेटरों की संख्या छह हो गई है। यह जानकारी जिलाधिकारी डां वी के जोगदड़े ने दी है।

### बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने की जरूरतः महेश जोशी

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश जोशी ने लगातार बढ़ती महंगाई व पेट्रोल डीजल के दामों में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने की आवश्यकता है और इसके लिए केन्द्र सरकार को ठोस कदम उठाना होगा। उन्होने कहा कि जब भाजपा विपक्ष में थी तो महंगाई व पेट्रोल डीजल के दामों को लेकर घड़ियाली आंसू बहाया करती थी और चुनावो के दौरान भी बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार जैसे वादों के ही दम पर केंद्र व राज्य की सत्ता हथियाई है। उन्होने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड 19 से पूरा देश पीडित है और महंगाई व पेट्रोल डीजल के बढ़ते दाम की दोहरी मार झेल रहा है।

### निगम घर–घर जाकर डेंगू के प्रति करेगा जागरूक

**संवाददाता** रुड़की। नगर निगम की ओर से शहरवासियों को डेंगू के प्रति जागरूक करने के लिए घर–घर पर्चे बांटे जाएंगे। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर इन्हें चस्पा भी किया जाएगा। वहीं निगम की ओर से वार्डों में अभियान चलाकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी किया जा रहा है। कोरोना संक्रमण के साथ ही डेंगू का खतरा भी बना हुआ है। ऐसे में नगर निगम की ओर से शहर को सैनिटाइज करने के साथ ही डेंगू से जागरूकता को लेकर अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है।

## तेज बारिश से खनसर घाटी में भारी नुकसान

**संवाददाता** गैरसैण। गैरसैंण तहसील के खनसर घाटी में बृहस्पतिवार की रात हुई तेज बारिश से क्षेत्र में भारी नुकसान की खबर है। खेत खलिहान सहित आवासीय भवनों व गौशालाओं को क्षति पहुची है। जलचौरा ग्राम पंचायत के प्रधान धनपा देवी ने बताया कि सारेगांव तोक में ग्रामीण गब्बर सिंह के आवासीय भवन की एक दीवार ढ़ह जाने से परिवार को पलायन करना पड़ा है जब कि कुंवर सिंह की गौशाला की पूरी छत नीचे आ गिरी। समय रहते व खतरे कप भांप कर परिवार को लोग ऐन वक्त पर सामान बाहर निकालनें में सफल रहे। बताया गया है कक गांव की ऊपरी हिस्से में भू–धसाव हुवा जिसने मकानों को चपेट में ले लिया। वही उघाड़ा गदेरा में उफान आने से ग्रामीणों की कास्तकारी भूमि को भी नुकसान पहुचा है। ग्रामीण भवान सिंह ने बताया कि 15 से 20 नाली भूमि में खड़ी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। सूचना मिलने पर गैरसैंण प्रसासन की ओर से राजस्व दल मोके पर पहुचा और नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट एसडीएम कल सौंपेंगे।



## पेंशन लेने के लिए नेपाली पेशनर्स भारत पहुंचे, स्वास्थ कर्मियों ने की जांच

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। भारत से पेंशन लेने वाले नेपाली पेंशनर्स के लिए दोनों अर्न्तराष्टीय झूला पुल खोल दिये गये है। बता दें कि मानसून काल के चलते नेपाली नागरिकों के जोश में कमी नही नजर आई। अब तक एक सौ तेईस पेंशनर्स ने भारत आकर लगभग सत्तर लाख रूप्ये के आसपास की पेंशन का आहरण किया है। जानकारी जो हाथ लगी है उसके मुताबिक नेपाल के जौलजीवी से चार लोग ही पेंशन लेने पहुंचे।

धारचूला में 36 व झूलाघाट में 87 नेपाली पेंशनर्स ने अब तक अपनी पेंशन ले ली है। भारत से एक नेपाली नागरिक नेपाल गया।

### दोनों अर्न्तराष्टीय झूला पुल खोल दिये गये है

बता दें कि झूलापुल को दो चरणों में खोला गया था। ये पुल दोपहर तीन बजे से लेकर सांय छह बजे तक ही खोला गया था। सूत्रों के मुताबिक धारचूला से भारत आने वाले लोगों की संख्या अठारह के आसपास थी। भारतीय सेना से सेना से रिटायर नेपाली पेंशनर्स के लिए जिला प्रशासन द्वारा तीन दिन के लिए पुल खोले जाने का निर्णय लिया है। भारी बारिश के चलते पेंशन लेने आये नेपाली पेंशनर्स के जोश में कोई कमी नही दिखी है। धारचूला में पुल खुलते ही नेपाल से पेंशनर्स के आने का सिलसिला शुरू हुआ।

कुछ बीमार वृद्व पेंशनर्स अपने पुत्रों की पीठ पर चढ़कर नेपाल के दूर दराज के गांवों से पेंशन लेने के लिए पहुंचे। पेंशन लेने आने वाले नेपाली पेंशनर्स की नेपाल और भारत दोनों ओर से मौजूद चिकित्सा टीम द्वारा स्वास्थ परीक्षण भी किया गया ।

इस दौरान धारचूला के उपजिलाधिकारी एके शुक्ला व एसएबी के अधिकारी व पुलिस अधिकारी व चिकित्सा टीम पुल पर मौजूद रहे। तीन दिन के भीतर अधिक से अधिक संख्या में नेपाल से पेंशनर्स के आने के समाचार मिल रहे है। बता दें कि ऐसे में पुल पर पूरी चाक चौबंद इंतजाम किये जा रहे है। पुल से नेपाली पेंशनर्स के जाने के बाद बैक से चुल तक बैंक शाखा में सेनिटाइजर किये जाने के समाचार मिले है।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष कोरोना वॉरियर्स से सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। मानवाधिकार एवं सामाजिक संगठन के चेयरमैन सचिन जैन एवं प्रदेश उपाध्यक्ष लच्छू गुप्ता द्वारा उनके निवास पर भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट को कोरोना वॉरियर्स सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका मधु जैन ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कोरोना वायरस कोविड–19 में मॉस्क की अनिवार्यता को देखते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष को स्वयं निर्मित मॉस्क दिए। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट ने कहा कि आप लोग बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और निरंतर आपकी संस्था सभी जरूरतमंद लोगों की सहायता करती आई है और सम्मान भी निरंतर कर रही है और भगवान की कृपा इसी तरह बनी रहे। इस अवसर पर लच्छू गुप्ता ने कहा कि हमारी संस्था निरंतर निस्वार्थ भाव से सभी जरूरतमंद लोगों की शुरू से लेकर आखिर तक मदद करती आ रही है और आगे भी निरंतर करती रहेगी।